दैनिक ऑनलाइन अखबार

# राजस्थान फर्स्ट न्यूज

आप भी अपने से जुड़े समाचार, लेख तथा सुझाव भेजने के लिए कृपया नीचे दिए गए व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क करें।
9462667614

वर्ष 1, अंक 10 | बुधवार | बीकानेर 01 अप्रैल, 2026

## कथित वीडियो पर जारी है घमासान

### आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच की मांग का सौंपा ज्ञापन





**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** बीते दिनों बीकानेर में एक कथित वीडियो-ऑडियो वायरल हुआ। जिसके बाद बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी के चलते आज जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। बड़ी संख्या में लोग गांधी पार्क से पैदल ही



रवाना होकर जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां पर गर्मी के बीच प्रदर्शनकारियों ने स्व. डूडी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान रामेश्वर डूडी अमर रहें जैसे नारे लगातार लगते रहें। कुछ प्रदर्शनकारियों के हाथों में स्व.डूडी के चित्र भी दिखाई दिए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों एक शिष्टमंडल ने एसपी से मुलाकात की और कथित वीडियो की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की।

इस दौरान यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष भंवर कूकणा, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, श्याम सिंह भाटी बरसलपुर, सीताराम नायक, आनंद जोशी, तोलाराम सियाग, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा, आनंद सिंह सहित अनेक कांग्रेस के नेता भी मौजूद रहें। इस सम्बंध में जिला अध्यक्ष भंवर कूकणा ने कहा कि एसपी से मुलाकात की और एसपी ने हमें सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि तीन तारीख को फिर से मुलाकात होगी। कथित वीडियो ऑडियो की जल्द से जल्द जांच करते हुंए कार्रवाई की जाएगी। कूकणा ने कहा कि अगर वीडियो एडिट हुआ तो हम माफी मांग लेंगे अन्यथा पूर्व मंत्री माफी मांगे। कूकणा ने पूर्व मंत्री को पार्टी से निष्कासित किया जावे।

#### मधुमक्खियों ने किया गांधी पार्क में हमला

गांधी पार्क में मधुमक्खियों ने प्रदर्शनकारियों पर हमला कर दिया। अचानक हुए मधुमक्खियों के इस हमले में एकबारगी अफरा तफरी मच गयी। लोग इधर उधर भागने लगे। कई लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। कुछ लोगों ने पेड़ों के नीचे शरण ली तो कुछ लोग गाड़ियों में बैठते हुए दिखाई दिए। इसा दौरान एकबारगी गाधी पार्क में अफरा तफरी सी मच गयी। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जिला मुख्यालय की और कूच किया।

#### स्व. रामेश्वर डूडी अमर रहे के लगते रहें नारे

गांधी पार्क से कलेक्ट्रेट तक बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी पहुंचे। लगातार प्रदर्शनकारी स्व. रामेश्वर डूडी के समर्थन में नारेबाजी करते रहें। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण अंचल के दिखे। प्रदर्शकारियों के हाथों में स्व. रामेश्वरलाल डूडी के कटआउट थे और लगातार रामेश्वर डूडी अमर रहे के नारे लगाते रहें। इस दौरान बुजुर्ग भी भरी गर्मी में रामेश्वर डूडी अमर रहे के नारे के साथ माफी की मांग के नारे लगाते रहें।

## सिंथेसिस के होनहारों का कमाल, 120 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए विज्ञान वर्ग में 80 प्रतिशत से अधिक अंक



राजकुमार जाखड़ा



रवीना बिश्नोई



खुशी चौधरी

राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर। बीकानेर शहर के प्रतिष्ठित सिंथेसिस कोचिंग इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने कल घोषित 12वीं विज्ञान वर्ग आरबीएसई के परीक्षा परिणामों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अकादमिक निदेशक डॉ. श्वेत गोस्वामी ने बताया कि संस्थान के 18 होनहार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से भी अधिक अंक प्राप्त कर अपनी सफलता की कहानी लिखी है।

संस्थान के राजकुमार जाखड़ा ने 94.40 प्रतिशत के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इनके पिता दामोदर जाखड़ा सरकारी कर्मचारी व माता सुशीला गृहणी है। वहीं रवीना बिश्नोई ने 94, खुशी चौधरी 93, विकास बिश्नोई 92.60, अवनी 92.60, चन्द्रवीर सिंह राठौड़ 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। गोस्वामी ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है। साथ ही अनिवार्य विषय अंग्रेजी और हिन्दी की कक्षाओं को लगाने का फल है। अन्य उच्च प्रतिशत प्राप्त करने वालों में देवकिशन प्रजापत 92.20, पूर्वी सिरोही 92.00,केशव शर्मा 92,नैनसी गौर 91.60, हरिकिशन 91.40, हर्षित तातेड़ 91.20, जय किशन भाटिया 90.80, मोनिका सिद्ध 90.80, सोनू बिश्नोई 90.20, सीता राम 90, सुनील साहू ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। अवनी ने अंग्रेजी और देवकिशन प्रजापत ने बायोलॉजी में शतप्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अभिभावकों ने भी सिंथेसिस संस्थान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ के शैक्षिक वातावरण और नियमित बोर्ड पैटर्न टेस्ट सीरीज ने बच्चों को परीक्षा के लिए मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाया। संस्थान में इस सत्र के प्री फाउण्डेशन में कक्षा 6 से 10 हेतु नया, 11वीं नीट व जेईई के इंग्लिश व हिंदी माध्यम के नए बैच, नीट टारगेट अर्ली स्टार्टर व 12वीं नीट व जेईई का नया फेज 2 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के मोबाईल नंबर 8003094891/92/93 व संस्थान के ऑफिस में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

**कल बिजली रहेगी गुल**–बीकानेर शहर के निम्न क्षेत्रों में विद्युत तंत्र के रख-रखाव के दौरान गुरूवार 02 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कल एफ.सी.आई. गोदाम, इंदिरा कॉलोनी, एफ.सी.आई. गोदाम, भुट्टा कुआं, इंदिरा कॉलोनी, फातिपुरा, उर्मूल सर्कल, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, सुभाषपुरा, अमरसिंह पुरा, चूना भट्ठा, शिव मंदिर के पीछे, नैयो की मस्जिद, माता का मंदिर, भुट्टो का चौक, लाल क्वार्टर, राजस्थान पत्रिका के पीछे, एम.एस. छात्रावास, कसाईयो का मोहल्ला, विजया बैंक, सुभाषपुरा का क्षेत्र। प्रातः 08 बजे से दोपहर 12 बजे तक विवेकनाथ बगीची के पास, नाथूसर बास, मालियों का मौहल्ला का क्षेत्र में बिजली गुल रहेगी।

## दिग्गज नेता भाटी ने की एसपी से मुलाकात

### कानून व्यवस्था सुधारने को लेकर बिंदुवार रखी बात, जल्द समाधान का आश्वासन

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** पश्चिमी राजस्थान के दिग्गज नेता और कई बार के मंत्री रहे देवीसिंह भाटी के आज एक संदेश से हलचल तेज हो गयी। दरअसल भाटी की और से एक संदेश जारी किया गया कि कल डीजीपी से कानून व्यवस्था को लेकर मुलाकात की जाएगा। ऐसे में कार्यकर्ताओं से सर्किट हाऊस पहुंचने का मैसेज जारी हुआ। जिसके बाद हलचल तेज हुई और भाटी की पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के साथ कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान कोलायत के विधायक अंशुमान भाटी भी मौजूद रहें।। भाटी ने एक-एक कर जिले के विभिन्न मुद्दों को लेकर बिंदुवार जानकारी दी। इसके बाद एसपी के सकारात्मक आश्वासन के बाद भाटी ने डीजीपी के साथ वार्ता को स्थगित कर दिया। भाटी ने एसपी को सौंपे पत्र में बताया गया कि किस प्रकार जिलेभर में कानून व्यवस्था चौपट हो रही है। हर कोई अपने हिसाब से बंदरबाट कर रहा है और लगाम लगाने वाला कोई नहीं है। भाटी ने पत्र के माध्यम से बताया कि सब कुछ भगवान भरोसे सा प्रतीत हो रहा है।ऐसे में कानून का राज स्थापित किए बिना आमजन का जीवन ठीक नहीं हो सकता है।

राजस्थान प्रदेश में विशेष तौर पर जिला बीकानेर में लगातार कानून व्यवस्था छिन्न-भिन्न होने के कारण सड़कों पर ओवर लोड ट्रक, टैक्सटर, कैम्पर आदि मुख्य कम्पनी की गाड़ियों की डिजाइन बदल कर बॉडी बड़ी कर लेते है । टैक्सटर, ट्रक परिवहन में मुख्य बॉडी से बाहर तक चारा इत्यादि भरने से सड़क पर चलना, परिवहन मुश्किल हो जाता है। ट्रकों द्वारा ओवर लोड भवन सामग्री यथा बजरी, कंकर, ईंट पीछे चल रही गाड़ी के शीशे पर पड़ते है, जो हम रात दिन महसूस करते है। ओवर लोड गाड़िया असंतुलित होकर दूसरे वाहनों के ऊपर गिर जाती है, जिसका बड़ा उदाहरण



पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा का घटना में कोटपुतली के पास बलिदान हो गया, हम भी ओवर लोड गाड़ी के पास से निकलते है तो मन में भय बना रहता है साथ ही भाटी ने पुलिस, खनन विभाग द्वारा अवैध खनन को रोक नहीं पाना, रॉयल्टी ठेकेदारों द्वारा विभागीय निर्देश, रेट से ज्यादा अवैध वसूली की रसीद नहीं देना, गुड़ागर्दी करना आम हो गया है, कहीं सही सुनवाई की जगह नहीं है। हाल ही में ग्रामीणों द्वारा रॉयल्टी ठेकेदारों द्वारा विभाग से निर्धारित राशि से ज्यादा राशि वसूली का विरोध किया गया कि रॉयल्टी की राशि रसीद से ज्यादा अवैध राशि लेने व उसकी रसीद मांगने पर कभी भी अवैध राशि की रसीद नहीं देते है। इसके साथ ही भाटी ने ट्रेफिक व्यवस्था, बढ़ती चोरियां, बेलगाम होते अपराध को लेकर भी बिंदुवार सभी तथ्यों के साथ बात रखी।

जिस पर पुलिस अधीक्षक बीकानेर ने भाटी से कहा कि इस संबंध में महानिदेशक पुलिस राजस्थान के बीकानेर आगमन के दौरान उन्हे अवगत करवाकर पुनः जांच का आश्वासन दिया ।

## श्रीसुरज बाल बाड़ी के विद्यार्थियों ने 12वीं बोर्ड में फहराया परचम, लेघा ने प्राप्त किए 95 प्रतिशत

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** कल मंगलवार सुबह 10 बजे 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें वर्षो से शिक्षण व्यवस्था और परिणामों से अपनी पहचान रखने वाली श्रीसुरज बाल बाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय के होनहारों ने उत्कृष्ट परिणाम के



साथ अपना परचम फहराया। स्कूल के प्राचार्य किशन कुमार स्वामी ने बताया कि कला वर्ग में वृंदा लेघा ने 95.20 प्रतिशत, अरूणा सियाग ने 93.40 प्रतिशत, आंचल बिश्नोई ने 93, प्रिया स्वामी ने 92.80, मुस्कान सोनी ने 92.80, अभिषेक चौधरी ने 92.40, दिव्यांशी शर्मा ने 92.20, माधुरी स्वामी ने 91.40, पलक स्वामी ने 90.60, तरन्नुम गौरी ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं विज्ञान वर्ग में सानिया ने 92.40, गुंजन प्रजापत ने 92.20, माही दुबे ने 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार वाणिज्य वर्ग में भी विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था के शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल परिसर में 12वीं उतीर्ण कर नाम रोशन करने वाले सभी होनहारों का तिलक निकालकर, माला पहनाकर बधाई दी। बता दें कि 10वीं बोर्ड में भी संस्था के होनहारों ने परचम लहराया था।